संसद सदस्यों ने श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 13 **फरवरी**, 2016: पूर्व उप प्रधान मंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी की अगुवाई में संसद सदस्यों ने आज श्रीमती सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि देने वालों में अनेक संसद सदस्य तथा भूतपूर्व संसद सदस्य शामिल थे ।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ तथा लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि दी ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्रीमती सरोजिनी नायडू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

श्रीमती सरोजिनी नायडू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डा.राजेन्द्र प्रसाद ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 16 दिसम्बर, 1959 को किया था ।

--